उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 107 /02/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/01-परीक्षा/2026

लखनऊ : दिनांक : 22 जून, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2026, भेषजिक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/02 के अंतर्गत भेषजिक के कुल रिक्त 564 पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 29-06-2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रदेश के 03 जनपदों में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु जनपद की जानकारी के लिए **परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना** सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध Examination सेगमेंट के अंतर्गत सम्बन्धित विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं व उसे डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना डाउनलोड करने सम्बन्धी यह सुविधा आयोग के अधिकृत मोबाइल एप पर भी उपलब्ध है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकेंगे। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देखने से पूर्व मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क का भुगतान अवश्य कर लें।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि **यह मुख्य परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नहीं है**। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय सूचित किया जाएगा। **मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को वैध प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।**

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना व प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

22/06/2026
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।